संख्या- 301 /2025/ 2716 / चार-2025-1969138

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

1. समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।
2. समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

संस्कृति अनुभाग: **लखनऊ: दिनांक: 12 सितम्बर, 2025**

विषय:- दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक "सेवा पखवाड़ा-2025" आयोजित किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

सेवा पखवाड़ा-2025 पूरे देश में दिनांक 17 सितम्बर से 02 अक्टूबर, 2025 तक **'विकसित भारत'** की व्यापक थीम के साथ मनाया जायेगा। यह थीम भारत को वर्ष 2047 तक पूर्ण विकसित राष्ट्र के रूप में रूपान्तरित करने की परिकल्पना करती है, जो बहुआयामी प्रगति की यात्रा को दर्शाती है। इसमें आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, सांस्कृतिक समृद्धि, सुशासन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, शिक्षा, स्वास्थ्य, सेवा, खेल, आधारभूत संरचना, ग्रामीण विकास, कृषि, डिजिटल परिवर्तन, नवाचार और उद्यमिता में तेज प्रगति को प्रमुखता दी गयी है। इसी के साथ यह महिलाओं और युवाओं के सशक्तिकरण तथा वैश्विक नेतृत्व एवं कूटनीति में भारत की भूमिका को भी रेखांकित करता है, जबकि सेवा, समावेशिता और राष्ट्र निर्माण की भावना को सुदृढ़ करता है।

2. इस विशेष पखवाड़ा में प्रदेश के समस्त जनपदों में उत्साह एवं व्यापक जन सहभागिता के साथ चित्रकला प्रतियोगितायें आयोजित की जायेंगी। इसका मुख्य उद्देश्य कलाकारों, कला विधार्थियों एवं कला प्रेमियों की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करना है, ताकि वे कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से **विकसित, आत्मनिर्भर एवं डिजिटल भारत** की परिकल्पना और माननीय प्रधानमंत्री जी तथा माननीय मुख्यमंत्री जी के दूरदर्शी नेतृत्व को प्रदर्शित कर सकें।

3. सेवा पखवाड़ा-2025 के अन्तर्गत मुख्य रूप से जनपद स्तर पर आयोजित की जाने वाली चित्रकला प्रतियोगिताओं के माध्यम से प्रतिभागियो द्वारा **विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत एवं डिजिटल भारत** की संकल्पना को रचनात्मक ढंग से प्रस्तुत किया जायेगा।

4. सेवा पखवाड़ा-2025 का शुभारम्भ दिनांक 17 सितम्बर, 2025 को किया जायेगा। इस अवसर पर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, उ0प्र0 के द्वारा **विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत एवं डिजिटल भारत** की संकल्पना पर आधारित प्रदर्शनी लखनऊ स्थित जी0पी0ओ0 पार्क में लगायी जायेगी। उक्त प्रदर्शनी प्रदेश के अन्य समस्त जनपदों में दिनांक 18 सितम्बर, 2025 से 02 अक्टूबर, 2025 के मध्य जिला सूचना अधिकारी के द्वारा चयनित स्थलों पर भी आयोजित की जायेगी।

5. जनपद स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिताये तीन वर्गो- क्रमशः जूनियर वर्ग (कक्षा 9 से 12) एवं सीनियर वर्ग (स्नातक एवं परास्नातक) एवं सामान्य वर्ग में आयोजित की जायेगी। सामान्य वर्ग की प्रतियोगिता में किसी भी आयु वर्ग का चित्रकार/कलाप्रेमी प्रतिभाग कर सकता है। तीनों वर्ग की प्रतियोगिताओं हेतु जिला विद्यालय निरीक्षक नोडल अधिकारी होगें। सीनियर वर्ग हेतु जनपद स्थित राजकीय महाविद्यालय का नामित प्राध्यापक सह-नोडल अधिकारी होगा।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

6. जनपद स्तरीय प्रतियोगिताएं अनिवार्य रूप से दिनांक 17 से 30 सितम्बर, 2025 के मध्य करा ली जायें। जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग की प्रतियोगिताओं में अनिवार्य रूप से जनपद में संचालित सम्बन्धित वर्ग के समस्त शिक्षण संस्थानों की प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाये। तीनों वर्ग की प्रतियोगिताएं किसी एक ही दिवस में अथवा पृथक-पृथक दिवस में आयोजित की जा सकती है। जिनका निर्धारण जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा जिलाधिकारी के अनुमोदन से किया जायेगा। यदि प्रतिभागियों की संख्या अधिक हो तो शिक्षण संस्थानों में यह प्रतियोगिता विकास खण्ड/ तहसील स्तर पर पृथक-पृथक दिवस में आयोजित की जा सकती है।

7. प्रतियोगिताओं में सृजित पेंटिग्स में से प्रत्येक वर्ग की उत्कृष्ट तीन पेंटिग्स (प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु) का चयन जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा गठित चयन समिति के द्वारा किया जायेगा। चयन समिति के सदस्य जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नामित न्यूनतम तीन कला अध्यापक (Art Teacher) होंगे।

8. दिनांक 02 अक्टूबर, 2025 को जनपद स्तर पर आयोजित गांधी जयन्ती कार्यक्रम में प्रत्येक वर्ग की प्रतियोगिताओ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु चयनित प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। तीनो वर्गो में पृथक-पृथक प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार स्वरूप क्रमशः रूपया 51,000/-, रूपया 21,000/- एवं रूपया 11,000/- की पुरस्कार राशि के साथ-साथ फ्रेम किये गये प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये जायेंगे। पुरस्कार की धनराशि रूपया 2,49,000/- प्रति जनपद संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा सम्बन्धित जनपद की जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद को उपलब्ध कराई जाएगी।

9. प्रत्येक वर्ग की प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार हेतु चयनित कलाकृतियां राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश, लाल बारादरी भवन, कैसरबाग, लखनऊ को मूलरूप में 15 अक्टूबर, 2025 तक उपलब्ध करायी जायेंगी। कलाकृतियों के पृष्ठ भाग में चित्रकार का नाम, सम्पर्क का पता, प्रतियोगिता वर्ग एवं प्राप्त पुरस्कार का स्पष्ट अंकन किया जायेगा।

10. राज्य ललित कला अकादमी, उत्तर प्रदेश प्रत्येक जनपद से प्रथम स्थान प्राप्त पेन्टिग्स में से प्रत्येक वर्ग के लिए राज्य स्तर पर उत्कृष्ट तीन पेन्टिंग्स का चयन करेगी। जनपद स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त समस्त पेन्टिंग्स की प्रदर्शनी उत्तर प्रदेश दिवस, 2026 के अवसर पर लगायी जायेगी। इस अवसर पर राज्य स्तरीय उत्कृष्ट पेंटिग्स के पुरस्कारो का वितरण भी किया जायेगा। प्रत्येक वर्ग के लिए राज्य स्तरीय प्रथम पुरस्कार रूपया 2,00,000/- द्वितीय पुरस्कार रूपया 1,51,000/- एवं तृतीय पुरस्कार रूपया 1,00,000/- की धनराशि का होगा।

11. सूचना विभाग के माध्यम से व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार किया जाएगा। विज्ञापन के ज़रिए जनपदों के समस्त विद्यालयों, कॉलेजों, विश्वविद्यालयों और अन्य संस्थाओं को सूचना दी जाएगी। पोस्टर भी नोटिस बोर्ड पर चस्पा किए जाएँगे। सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रचार अभियान चलाया जाएगा। कार्यक्रम स्थल और तिथि/समय की सूचना समय पर सभी प्रतिभागियों को दी जाएगी। किसी आर्ट कॉलेज/ फाइन आर्ट्स विभाग, नवोदय विद्यालय/ केंद्रीय विद्यालय/ जीआईसी/जीजीआईसी या सरकारी प्रमुख संस्थान को इस कार्यक्रम के लिए जनपदों में नोडल बनाया जाएगा।

12. उपरोक्त के सम्बन्ध में मुझे कहने का निदेश हुआ है कि सेवा पखवाड़ा- 2025 के कार्यक्रमों को भव्य एवं गरिमामयी तरीके से सम्पन्न कराने तथा सम्पन्न कराये गये कार्यक्रमों का विवरण एवं जिओ टैगिंग युक्त फोटोग्राफ्स संस्कृति विभाग को ई0मेल-sevapakhwara25@gmail.com पर प्रेषित कराने का कष्ट करें।

भवदीय
मुकेश कुमार मेश्राम
प्रमुख सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संख्या व दिनांक तदैव।

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. प्रमुख सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 शासन।
2. प्रमुख सचिव, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
4. प्रमुख सचिव, माध्यमिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।
5. स्टाफ आफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
6. निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ।
7. निदेशक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
8. निजी सचिव, मा0 संस्कृति मंत्री, उ0प्र0 शासन।
9. गार्ड फाइल।

आज्ञा से
संजय कुमार सिंह
विशेष सचिव

https://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।